अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/भण्डार/डिग्री/2024/ 116 — रीवा, दिनांक : 27-08-2024

सीमित निविदा

पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से उपाधि पैकिंग हेतु रोलेन्डरनुमा बाक्स तैयार कर उपलब्ध कराये जाने हेतु सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। **उपाधि पैकिंग हेतु सेलेन्डरनुमा बाक्स तैयार किये जाने हेतु** ऐसे फर्म जिन्हें कार्य का अनुभव हो, इस कार्य के लिए विवरण अनुसार सीलबंद लिफाफे में दरे निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है –

1. **कार्य का विवरण –**

   उपाधि पैकिंग हेतु सेलेन्डरनुमा बाक्स (अनुमानित संख्या **5000नग**)

   1. बाक्स की साइज लम्बाई 31 से.मी.।
   2. व्यास 17 से.मी.।
   3. बाक्स का वजन 80ग्राम।
   4. दिया गया विवरण बाक्स पर रंगीन मुद्रित करना होगा।

शर्ते –

1. मुद्रण के पूर्व प्रूफ का अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक होगा।
2. सामग्री पहुँचाने की व्यवस्था फर्म को स्वयं करनी होगी, जिसका अलग से कोई भुगतान देय नहीं होगा।
3. बाक्स की पैकिंग 50–50 नग की करनी होगी।
4. निविदाकर्ता को निविदा के साथ जी.एस.टी. प्रमाणपत्र एवं पैन नम्बर की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. रुपये 10,000/– (रुपये दस हजार) मात्र अमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट जो कुलसचिव, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के नाम से देय हो की मूल प्रति अनिवार्यतः संलग्न करना होगा।
6. दर समस्त कर सहित प्रति नग संस्थान के लेटर हेड में प्रस्तुत की जाय।
7. उपाधि पैकिंग हेतु सेलेन्डरनुमा बाक्स का नमूना भी निविदा के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करें, नमूना संलग्न न होने पर दरों पर विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त विवरण अनुसार दरें दिनांक 10-09-24 तक पंजीकृत/स्पीड पोस्ट से विश्वविद्यालय के प्रशासन विभाग में अनिवार्यतः उपलब्ध करायें। निविदा लिफाफे के ऊपर **"उपाधि पैकिंग हेतु सेलेन्डरनुमा बाक्स तैयार किये जाने की दरें"** अनिवार्यतः अंकित करें।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ –

1. मेसर्स, ... को इस आशय के साथ प्रेषित है कि दर सम्बन्धी सीलबन्द निविदा लिफाफा निर्धारित समयावधि में विश्वविद्यालय के प्रशासन विभाग को अनिवार्यतः उपलब्ध करायें।
2. विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट आफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन, अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय, रीवा की ओर भेजकर अनुरोध है कि उपर्युक्तानुसार सीमित निविदा विश्वविद्यालय के वेबसाइट मे प्रदर्शन हेतु उपलब्ध करायें।
3. प्रशासन विभाग को इस आशय के साथ सूचना प्रेषित है कि **"उपाधि पैकिंग हेतु सेलेन्डरनुमा बाक्स तैयार किये जाने की दरें"** सम्बन्धित निविदा लिफाफा निर्धारित समयावधि तक ही प्राप्त करें।
4. वित्त नियंत्रक, अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय, रीवा।
5. कुलगुरु जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक।

सहायक कुलसचिव (भण्डार)